वी.यू. अंर्तगत भ्रूण प्रत्यारोपण परियोजना एवं पशुपालन विभाग की टीम का दयोदय गौशाला में अनुसंधान कार्य

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी, के कुशल मार्गदर्शन एवं गौवंश नस्ल सुधार की दिशा में वि.वि. अंर्तगत संचालित भ्रूण प्रत्यारोपण परियोजना के तत्वाधान में प्रोजेक्ट टीम द्वारा तिलवारा घाट, जबलपुर स्थित दयोदय गौशाला प्रक्षेत्र की उपलब्ध गायों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसका उपयोग भ्रूण प्रत्यारोपण परियोजना में दायी गाय (सेरोगेट) के रूप में किया जायेगा। इस परियोजना के प्रथम चरण में वी.यू. एवं पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गौशाला पहुँच कर प्रजनन अंगो, टी.बी., जे.डी. एवं ब्रूसेल्ला आदि रोगों का परीक्षण किया गया। इस टीम में पशुपालन विभाग से डॉ. एस.के.बाजपेयी, डॉ. विष्णु गुप्ता तथा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय से डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. अन्जू नायक एवं डॉ. नितिन बजाज आदि शामिल थे। परीक्षण में उक्त गौशाला के कार्यकारी अध्यक्ष श्री निलेश जैन द्वारा सक्रिय सहयोग किया गया। परियोजना के प्रथम चरण के तहत स्वस्थ गौवंशों का चयन किया जा रहा है। इसके लिये विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम गौशाला में हेल्थ स्क्रीनिंग कर रही है। द्वितीय चरण में जल्द ही प्रोजेक्ट में शामिल किये जाने वाले गौवंश को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में लाया जावेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)